FROM No. III
फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी गुलाबपुरा मुकाम बांराटियाँ

चान्दमल पिता कन्हैयालाल ब्राह्मण — बनाम — रूपा पिता अमरा माली
निवासी– बारणी, तहसील आसीन्द — निवासी– दांतड़ा

किस्म मुकदमा–प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128 रा.जे.रे. एक्ट प्रकरण संख्या– 217 /2018

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.06.2018	प्रार्थी के द्वारा यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कथन किया कि आराजी मुतदाविया प्रार्थी के खातेदारी की आराजियात है। विपक्षीगण उक्त आराजियात के पड़ौसी हैं। जिनको भूमि सीमा की जानकारी नहीं होने से वह आये दिन जमीन की कमी बेशी को लेकर विवाद करते रहते हैं। इसलिये प्रार्थी अपने खातेदारी आराजियात की पत्थरगढ़ी कराना चाहता है। अन्त में कथन किया कि प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार फरमाया जाकर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश फरमावें। हमने वकील प्रार्थी को सुना। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अध्ययन किया। प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत जमाबंदी संवत 2073 से 2076 मौजा दांतड़ा पटवार हल्का दांतड़ा तहसील हुरड़ा की आराजी नं 224/3 रकबा 04 बीघा 04 बिस्वा भूमि के खातेदार/काश्तकार दर्ज रेकार्ड होना प्रकट आया हैं। तदनुसार प्रार्थी उक्त भूमि के पत्थरगढ़ी कराने के अधिकारी पाये जाने से प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किये जाने योग्य है। –:आदेश:– प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया मौजा दांतड़ा पटवार हल्का दांतड़ा तहसील हुरड़ा की आराजी नं 224/3 रकबा 04 बीघा 04 बिस्वा भूमि के पड़ौसियान को सूचित कराया जाकर कब्जे की स्थिति को यथावत रखते हुये पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। उक्त आदेश की पालना के लिये भू–अभिलेख निरीक्षक– दांतड़ा को 500/–रूपये (अक्षरे– पाँच सौ रु0 मात्र) फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थी द्वारा मौके पर अदा की जायेगी। भू–अभिलेख निरीक्षक उक्त आराजी मे से जो भूमि **एन.एच.आई में गई , उस भूमि को छोडते हुये शेष भूमि की पत्थरगढी करने हेतु कम से कम तीन दिन पूर्व समस्त हितबद्ध पडौसी एवं खातेदारान को उक्त आराजीयात की पत्थरगढी की लिखित सूचना पत्र से समय एवं तिथी बाबत सूचित करेगें तथा मुस्तकील बिन्दु को आधार मानकर पत्थरगढी की जावे। आदेश की प्रति पालनार्थ तहसीलदार हुरडा को भिजवाई जावे। पत्रावली शुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर करें। आदेश आज दिनांक 27.06.2018 को खुली अदालत में सुनाया गया।** उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलेक्टर गुलाबपुरा कैम्प	

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी गुलाबपुरा–भीलवाड़ा

सत्यमेव जयते
Web Copy Not Official

Scanned by CamScanner